# आदेश

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या–550 / 2019 के क्रम में जनपद नैनीताल के राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या 87 (109) में काठगोदाम से रानीबाग प्रभाग हेतु बाईपास मोटर मार्ग तथा 90 मीटर स्पान स्टील गार्डर पुल के निर्माण हेतु 3.27 हे0 वन भूमि प्रभावित हो रही है। उक्त वन भूमि के सापेक्ष क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दुगने क्षेत्रफल की कुल 6.54 हे0 सिविल भूमि को वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरित / नामान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग भवाली के पत्रांक 1608 / 8सी, दिनांक 18–11–2020 के अनुसार ग्राम दीनी मल्ली, तहसील धारी, जिला नैनीताल में नॉन ज्येड.ए. खतौनी श्रेणी 9(3)ङ के अन्तर्गत खसरा नम्बर–508 मध्ये रक्वा 4.186 है0 तथा खसरा नम्बर–539 मध्ये रक्वा 2.403 है0, कुल रक्वा 6.589 है0 सिविल भूमि को उक्त प्रयोजन हेतु प्रस्तावित किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन, राजस्व अनुभाग–2, देहरादून के शासनादेश संख्या–2173 / XVII(II) 2020–18(120)2010, दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 के अनुपालन में उपर्युक्त मोटरमार्ग के निर्माण के लिये क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु नियमानुसार उपरोक्त सिविल भूमि को चयनित कर उप जिलाधिकारी, धारी के आख्या एवं उसके साथ संलग्न उपजिलाधिकारी, धारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल, वन प्रभाग नैनीताल एवं अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0भवाली के संयुक्त निरीक्षण आख्या दिनांक 19–11–2020 के आधार पर राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या 87 (109) में काठगोदाम से रानीबाग प्रभाग हेतु बाईपास मोटर मार्ग तथा 90 मीटर स्पान स्टील गार्डर पुल के निर्माण हेतु उक्त क्षतिपूरक–वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित की गई भूमि को वन विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में हस्तान्तरित की जाती है। तहसीलदार, धारी तद्नुसार ही राजस्व अभिलेखों में अमलदरामद करने उपरान्त खतौनी नकल की प्रति प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल, वन प्रभाग नैनीताल एवं याचक विभाग अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो.नि.वि. भवाली, जिला नैनीताल को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त आदेश जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन / सहमति उपरान्त जारी किया गया है।

(कैलाश सिंह टोलिया)
अपर जिलाधिकारी(प्रशा.)
नैनीताल।

## कार्यालय जिलाधिकारी नैनीताल।

पत्र संख्या– 26 / 12–ज्येड.ए.सी. / 2020 दिनांक 25 नवम्बर, 2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल, वन प्रभाग नैनीताल।
2– अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो.नि.वि. भवाली नैनीताल ।
3– उप जिलाधिकारी धारी।
4– तहसीलदार धारी

अपर जिलाधिकारी(प्रशा.)
नैनीताल।

2/12/2020

Scanned with CamScanner